an>

Title: Need to set up a super Speciality Hospital/Polyclinic and six more CGHS Wellness Centres in Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) ः जबलपुर शहर में केन्द्रीय कार्यालयों/संगठनों की संख्या लगभग 115 है। इसके अतिरिक्त रक्षा मंत्रालय की 4 बड़ी ऑर्डनेंस के साथ एम.ई.एस. एवं मिलिट्री बेस वर्कशॉप तथा सेंट्रल ऑर्डनेंस डिपो भी जबलपुर में कार्यरत हैं। तद्नुसार सी.जी.एच.एस. के अंतर्गत कार्यरत एवं सेवानिवृत कार्ड होल्डर रक्षा कर्मचारियों एवं आश्रितों की संख्या 85 हज़ार है।

इन 85 हज़ार लाभार्थियों को चिकित्सा सेवा प्रदान करने हेतु जबलपुर शहर में वर्तमान में सी.जी.एच.एस. के केवल 04 वेलनेस सेंटर उपलब्ध हैं। मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का जबलपुर की जनता की ओर से उनके जबलपुर प्रवास के दौरान एक अतिरिक्त वेलनेस सेंटर खोलने की घोषणा हेतु आभार व्यक्त करता हूँ। बावजूद इसके, लाभार्थियों की संख्या के अनुरूप जबलपुर में सी.जी.एच.एस. का एक मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी अस्पताल या पॉली क्लीनिक तथा 06 अतिरिक्त वेलनेस सेंटर खोले जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

वस्तुस्थिति यह है कि अन्य शहरों में प्रति वेलनेस सेंटर लाभार्थियों का औसत 03 हजार से 10 हजार के बीच है, जबकि जबलपुर में यह औसत प्रति वेलनेस सेंटर 22 हज़ार है। इस प्रकार प्रत्येक वेलनेस सेंटर में कार्यभार दो गुना है। इसके फलस्वरूप वरिष्ठ नागरिकों को घंटों कतार में रहना पड़ता है तथा सी.जी.एच.एस. में डॉक्टरों एवं स्टाफ की सीमित संख्या के चलते उन्हें उचित उपचार नहीं मिल पाता है।

प्रस्तुत आंकड़ों तथा सी.जी.एच.एस. से संबंधित भारत सरकार के उपलब्ध नियमों के अनुसार जबलपुर में लाभार्थियों को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के दृष्टिकोण से शहर में सी.जी.एच.एस. का एक मल्टी सुपरस्पेशियेलिटी अस्पताल या पॉली क्लीनिक तथा 06 अतिरिक्त वेलनेस सेंटर खोले जाने की अत्यंत आवश्यकता है। मैं आशा करूँगा कि सरकार इस ओर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्रातिशीघ्र उचित निर्णय लेगी।